**CLASS : 10th (Secondary)** **Code No. 4205**

**Series : Sec. M/2019**

*Roll No.* | | | | | | | | | | |

***SET : D***

# विज्ञान

## SCIENCE

(Physics, Chemistry and Life Science)

*(Academic/ Open)*

[ हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम ]

[ Hindi and English Medium ]

(Only for Fresh/Re-appear Candidates)

*समय : **3** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **60***

*Time allowed : **3** hours ]* *[ Maximum Marks : **60***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **16** तथा प्रश्न **27** हैं।*

  *Please make sure that the printed pages in this question paper are **16** in number and it contains **27** questions.*

- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*

  *The **Code No.** and **Set** on the right side of the question paper should be written by the candidate on the front page of the answer-book.*

- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*

  *Before beginning to answer a question, its Serial Number must be written.*

- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*

  *Don't leave blank page/pages in your answer-book.*

- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*

  *Except answer-book, no extra sheet will be given. Write to the point and do not strike the written answer.*

- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*

  *Candidates must write their Roll Number on the question paper.*

- *कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है,* ***परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

  *Before answering the question, ensure that you have been supplied the correct and complete question paper,* ***no claim in this regard, will be entertained after examination.***

*सामान्य निर्देश :*

***General Instructions :***

*(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

***All questions are compulsory.***

*(ii) वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के* ***सही*** *विकल्प लिखें।*

*Write the* ***correct*** *option in objective type questions.*

*(iii) दीर्घ उत्तर वाले प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान है।*

*Internal choice has been provided in long answer type questions.*

*(iv) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दर्शाये गये हैं।*

*Marks of each question are indicated against it.*

**खण्ड – अ**

**SECTION – A** [ Marks : 20

**(भौतिक विज्ञान)**

**(Physics)**

**1.** अग्रिम सूर्योदय तथा विलंबित सूर्यास्त का मुख्य कारण है, प्रकाश का : 1

(A) परावर्तन

(B) अपवर्तन

(C) विचलन

(D) प्रकीर्णन

The main reason behind the advanced sunrise and delayed sunset is ................ of light.

(A) Reflection

(B) Refraction

(C) Deviation

(D) Scattering

**2.** निम्नलिखित में से कौन जैवमात्रा ऊर्जा स्त्रोत का उदाहरण ***नहीं*** है ? 1

(A) लकड़ी

(B) गोबर गैस

(C) नाभिकीय ऊर्जा

(D) कोयला

Which of the following is ***not*** an example of bio-mass energy source ?

(A) Wood

(B) Gobar gas

(C) Nuclear energy

(D) Coal

**3.** प्रिज्म आपतित श्वेत प्रकाश को रंगों की पट्टी में विभक्त कर देता है। दिखाई देने वाले रंगों को क्रम में लिखिए। 1

The prism split the incident white light into a band of colours. Write these colours name in sequence.

**4.** चालक तार का प्रतिरोध किन कारकों पर निर्भर करता है ? 1

On what factors, the resistance of a conductor depends ?

**5.** ऊर्जा के आदर्श स्रोत में क्या गुण होते हैं ? 2

What are the properties of a good source of energy ?

**6.** 2 $\Omega$, 3 $\Omega$ तथा 6 $\Omega$ के प्रतिरोधकों को किस प्रकार संयोजित किया जाए कि संयोजन का कुल प्रतिरोध 1 $\Omega$ हो जाए ? 2

How can three resistors of resistances 2 $\Omega$, 3 $\Omega$ and 6 $\Omega$ be connected to give a total resistance of 1 $\Omega$ ?

**7.** आपने पर्यावरण को बचाने के लिये तीन प्रकार के 'R' के विषय में तो अवश्य सुना होगा : 2

कम उपयोग (Reduce), पुनः चक्रण (Recycle) और पुनः उपयोग (Reuse)। कम उपयोग का विस्तार से वर्णन करें।

You must have come across the three R's to save the environment :

Reduce, Recycle and Reuse. Explain Reduce in detail.

**8.** (a) कोई वस्तु अवतल दर्पण के वक्रता केन्द्र (C) तथा फोकस F के मध्य स्थित है। उस वस्तु के प्रतिबिम्ब की स्थिति, साइज तथा प्रकृति का चित्र बनाइए। 2

An object is situated between the centre of curvature (C) and focus (F) of a concave mirror. Draw a ray diagram of the position, size and nature of image.

(b) उस लेंस की फोकस दूरी ज्ञात कीजिए जिसकी क्षमता –2.0 D है। यह किस प्रकार का लेंस है ? 2

Find the focal length of a lens of power –2.0 D. What type of lens is this ?

**9.** नामांकित आरेख खींच कर किसी विद्युत जनित्र का मूल सिद्धान्त तथा कार्यविधि स्पष्ट कीजिए। dc की तुलना में ac के महत्त्वपूर्ण लाभ क्या हैं ? 6

Explain the underlying principle and working of an electric generator by drawing a labelled diagram. What are the advantages of ac over dc ?

**अथवा**

**OR**

(a) भूसंपर्कन (Earthing) से क्या अभिप्राय है ? विद्युत उपकरणों को भूसंपर्कित क्यों किया जाता है ? 2

What do you mean by earthing ? Why should the electrical appliances be earthed ?

(b) परिनालिका से आपका क्या अभिप्राय है ? एक परिनालिका में प्रवाहित विद्युत धारा के कारण उत्पन्न चुंबकीय क्षेत्र को आरेखित कीजिए। परिनालिका के उपयोग भी लिखिए। 4

What do you mean by a solenoid ? Draw the magnetic field lines around a current carrying solenoid. Write down the use of a solenoid.

**खण्ड – ब**

**SECTION – B** [ Marks : 19

**(रसायन विज्ञान)**

**(Chemistry)**

**10.** निम्न रासायनिक अभिक्रिया में कौन-सा अभिकारक अपचयित हो रहा है ? 1

$$ZnO + C \rightarrow Zn + CO$$

Which reactant is reduced in the following chemical reaction ?

$$ZnO + C \rightarrow Zn + CO$$

**11.** आपके पास तीन विलयन A, B तथा C हैं, जिनका pH का मान क्रमशः 3, 7 एवं 9 है। उपरोक्त में से कौन-सा विलयन अम्लीय होगा ? 1

You have three solutions A, B and C, whose pH value is 3, 7 and 9 respectively. Out of above solutions, which solution is acidic ?

**12.** तत्त्व *M*, $MCl_3$ सूत्र वाला एक क्लोराइड बनाता है। आवर्त सारणी में यह तत्त्व *M* संभवतः किस समूह के अंतर्गत होगा ? 1

(A) *Si* (B) *Al*

(C) *Na* (D) *Mg*

Element *M* forms a chloride with formula $MCl_3$. Element *M* would be most likely in the same group of periodic table as :

(A) *Si* (B) *Al*

(C) *Na* (D) *Mg*

**13.** वियोजन (अपघटन) अभिक्रियाओं से आप क्या समझते हैं ? ***एक*** उदाहरण (रासायनिक समीकरण) दीजिए। 2

What do you mean by decomposition reactions ? Give ***one*** example (chemical equation).

**14.** क्लोर-क्षार प्रक्रिया क्या होती है ? इस प्रक्रिया का रासायनिक समीकरण दीजिए। 2

What is Chlor-alkali process ? Give chemical reaction for the process.

**15.** आधुनिक आवर्त सारणी के आवर्त में बायीं से दायीं ओर जाने पर परमाणु साइज़ किस प्रकार परिवर्तित होती है ? कारण लिखिए। 2

In modern periodic table, how does the atomic size vary in a period on moving from left to right ? Write its reason.

**16.** (i) घुलनशील धातु ऑक्साइड को जल में घोलने से क्या होता है ? ***एक*** उदाहरण दीजिए। 2

What happens when water soluble metal oxides are dissolved in water ? Give ***one*** example.

(ii) आयनिक यौगिकों का गलनांक उच्च क्यों होता है ? 2

Why do ionic compounds have high melting point ?

**17.** (i) निम्न यौगिकों का नामकरण कीजिए : 1 × 3 = 3

(a) $CH_3-C\equiv CH$

(b) $CH_3-OH$

(c) $CH_3-\overset{\overset{\displaystyle O}{||}}{C}-CH_3$

Write the names of following compounds :

(a) $CH_3-C\equiv CH$

(b) $CH_3-OH$

(c) $CH_3-\overset{\overset{\displaystyle O}{||}}{C}-CH_3$

(ii) पेन्टेन $(C_5H_{12})$ के सभी संरचनात्मक समावयवों का चित्रण कीजिए। 3

Draw all the structural isomers of pentane $(C_5H_{12})$.

**अथवा**

**OR**

निम्न प्रक्रियाओं का रासायनिक समीकरण सहित वर्णन कीजिए : $2 \times 3 = 6$

Explain the following processes with help of chemical reactions :

(i) एस्टरीकरण

Esterification

(ii) साबुनीकरण

Saponification

(iii) हाइड्रोजनीकरण

Hydrogenation

**खण्ड – स**

**SECTION – C** [ Marks : 21

**(जीव विज्ञान)**

**(Life Science)**

**18.** वे जीव जो जटिल कार्बनिक पदार्थों को सरल अकार्बनिक पदार्थों में बदल कर मिट्टी में मिला देते हैं : 1

(A) उत्पादक (B) अपमार्जक

(C) शाकाहारी (D) मांसाहारी

The organisms which break down complex organic substances into simple inorganic substances and mix them in the soil :

(A) Producers (B) Decomposers

(C) Herbivores (D) Carnivores

**19.** तंत्रिका कोशिका का कौन-सा भाग ज्ञानेन्द्रियों से सूचना को उपार्जित करता है ? 1

(A) कोशिका काय

(B) द्रुमिका

(C) तंत्रिकाक्ष

(D) तंत्रिका का अंतिम सिरा

Which part of neuron acquires information from sensory organs ?

(A) Cell body

(B) Dendrite

(C) Axon

(D) Nerve ending

**20.** किसी भी पारितंत्र में ऊर्जा का प्रवाह सदैव कितनी दिशाओं में होता है ? 1

In how many directions the energy flows in any ecosystem ?

**21.** लड़कों के चेहरे पर बाल आना तथा आवाज में भारीपन यौवनारंभ के लक्षण हैं। इसके लिए कौन-सा हॉर्मोन उत्तरदायी है ? 1

Growth of facial hair and deepening of voice are symptoms of puberty in boys. Which hormone is responsible for it ?

**22.** पुष्प में स्त्रीकेसर के कौन-से भाग द्वारा पराग नलिका अंडाशय में प्रवेश करती है ? स्त्रीकेसर के उस भाग का नाम बताइए। 1

In a flower, pollen tube enters through pistil into ovule. Name that part of pistil.

**23.** द्विखण्डन तथा बहुखण्डन में क्या अंतर है ? उदाहरण सहित समझाइए। 2

What is difference between binary fission and multiple fission ? Explain with example.

**24.** विभिन्न गर्भनिरोधक युक्तियाँ कौन-सी हैं ? जनन स्वास्थ्य में इनका क्या महत्त्व है ? 2

What are different contraceptive methods ? How are they important for reproductive health ?

**25.** मस्तिष्क तथा मेरूरज्जु कैसे रक्षित होते हैं ? 2

How are brain and spinal cord protected in human body ?

**26.** एक नीले फूल वाले पौधे (BB) का संकरण एक सफेद फूल वाले पौधे (bb) से करवाया। 4

A blue coloured flowering plant (BB) was crossed with white coloured flowering plant (bb).

(i) प्रथम संतति के फूलों का रंग क्या होगा ?

What will be the colour of flowers in $F_1$ generation ?

(ii) दूसरी संतति में स्वपरागण द्वारा प्राप्त सफेद फूलों का प्रतिशत कितना होगा ?

What percentage of white flowered plants will be in $F_2$ generation through self-pollination of $F_1$ plants.

सचित्र व्याख्या कीजिए।

Explain with diagram.

**27.** स्वपोषी पोषण क्या है ? पौधों में प्रकाश संश्लेषण के प्रक्रम की व्याख्या कीजिए। 6

What is autotrophic nutrition ? Explain the process of photosynthesis in plants.

**अथवा**

**OR**

विषमपोषी पोषण क्या है ? अमीबा में पोषण के चरणों का सचित्र वर्णन कीजिए। 6

What is heterotrophic nutrition ? Explain the process of nutrition in Amoeba with diagram.